RAS (Pre) Exam. 2018

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / No. of pages in Booklet 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / No. of Questions in Booklet 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No. 10431889

**Subject Code – 00**

# JJR - 18

विषय / SUBJECT : G.K. & G.S.

**समय : 3.00 घण्टे**
**Time : 3.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील / पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**
**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN**.
6. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue** ball point pen only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

***Warning :*** *If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

00

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/कौन से सत्य है/हैं ?
   (A) कांग्रेस के नागपुर सत्र (1920) के पश्चात प्रांतीय कांग्रेस समितियों का गठन भाषायी आधार पर किया गया था ।
   (B) 1948 में कांग्रेस ने भाषायी आधार पर प्रान्तों के गठन की माँग को अस्वीकार कर दिया ।

   निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर चुनिए :
   (1) केवल (A)
   (2) केवल (B)
   (3) ना तो (A) ना ही (B)
   (4) (A) और (B) दोनों

2. निम्नलिखित में से किस स्थल से शासक मिनेण्डर के सोलह सिक्के प्राप्त हुए हैं ?
   (1) बैराठ (2) नगरी
   (3) रैढ़ (4) नगर

3. निम्नलिखित में से कौन सा शासक गुर्जर-प्रतिहार राजवंश से संबंधित नहीं है ?
   (1) नागभट्ट-II (2) महेन्द्रपाल-I
   (3) देवपाल (4) भरत्रभट्ट-I

4. राजस्थान के पूर्व मध्यकालीन राज्यों में "नैमित्तिक" पदनाम का प्रयोग किया जाता था
   (1) राजकीय कवि के लिए ।
   (2) लोक स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख के लिए ।
   (3) राजकीय ज्योतिष के लिए ।
   (4) मुख्य न्यायिक अधिकारी के लिए ।

5. क्रांतिकारी, जिसे महन्त प्यारेलाल हत्याकांड में सजा मिली थी
   (1) जोरावरसिंह
   (2) श्यामजी कृष्ण वर्मा
   (3) केसरीसिंह बारहठ
   (4) विजयसिंह पथिक

6. निम्नलिखित में से किसने राजपूताना की देशी रियासतों के साथ 1817-18 की अधीनस्थ संधि की बातचीत की थी ?
   (1) डेविड ऑक्टरलोनी
   (2) चार्ल्स मैटकॉफ
   (3) आर्थर वेलेजली
   (4) जॉन जॉर्ज

1. Which of the following statements is/are true ?
   (A) After the Nagpur Session (1920) of Congress, the provincial Congress Committees were constituted on linguistic basis.
   (B) In 1948, Congress rejected the demand of formation of provinces on linguistic basis.

   Select the correct answer from the code below :
   (1) Only (A)
   (2) Only (B)
   (3) Neither (A) nor (B)
   (4) Both (A) & (B)

2. Sixteen coins of King Menander have been found from which of the following sites ?
   (1) Bairat (2) Nagari
   (3) Rairh (4) Nagar

3. Which of the following rulers does not belong to Gurjara-Pratihar dynasty ?
   (1) Nagabhatta-II (2) Mahendrapal-I
   (3) Devapal (4) Bharatrabhatta-I

4. In pre-medieval kingdoms of Rajasthan, the designation "Naimittika" was used for
   (1) Royal bard
   (2) Head of public health department
   (3) State astrologer
   (4) Chief judicial officer

5. The revolutionary, who was convicted in the Mahant Pyarelal Murder case
   (1) Zorawar Singh
   (2) Shyamji Krishna Varma
   (3) Kesari Singh Barhat
   (4) Vijay Singh Pathik

6. Who among the following negotiated Subordinate Alliances of 1817-18 with Princely States of Rajputana ?
   (1) David Ochterlony
   (2) Charles Metcalf
   (3) Arthur Wellesley
   (4) John George

7. देशी रियासत, जो 25 मार्च, 1948 को गठित संयुक्त राजस्थान का हिस्सा नहीं थी
(1) बूँदी (2) प्रतापगढ़
(3) उदयपुर (4) शाहपुरा

8. 'त्याग भूमि' के संपादक कौन थे ?
(1) हरिभाऊ उपाध्याय
(2) जयनारायण व्यास
(3) देवी दत्त त्रिपाठी
(4) ऋषि दत्त मेहता

9. सुमेलित कीजिए :

| मंदिर | जिला |
|---|---|
| i. कामेश्वर महादेव | a. अलवर |
| ii. शीतलेश्वर | b. जोधपुर |
| iii. पीपला माता | c. झालावाड़ |
| iv. नीलकंठ | d. पाली |

सही कूट का चयन कीजिए :

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | a | c | d | b |
| (2) | d | c | b | a |
| (3) | d | b | c | a |
| (4) | a | b | c | d |

10. चितौड़गढ़ किले के निम्नलिखित मंदिरों में से कौन सा एक जैन मंदिर है ?
(1) कुंभश्याम मंदिर
(2) सातवीश देवरी
(3) समिद्धेश्वर मंदिर
(4) तुलजा भवानी मंदिर

11. निम्नलिखित में से कौन सा चित्रकार अलवर शैली की चित्रकला से संबंधित नहीं है ?
(1) जमनादास (2) बकसाराम
(3) नानकराम (4) नंदराम

12. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| | रचना | लेखक |
|---|---|---|
| (1) | बोल भारमली | – यादवेन्द्र शर्मा |
| (2) | पागी | – चंद्रप्रकाश देवल |
| (3) | कोडमदे | – मेघराज मुकुल |
| (4) | पगफेरो | – मणि मधुकर |

13. गवरी देवी जिस गायन शैली से संबद्ध थी
(1) लंगा (2) मांड
(3) तालबंदी (4) ठुमरी

7. The princely state, which was not the part of Rajasthan Union formed on 25th March, 1948 ?
(1) Bundi (2) Pratapgarh
(3) Udaipur (4) Shahpura

8. Who was the editor of 'Tyag Bhumi' ?
(1) Hari Bhau Upadhyaya
(2) Jai Narayan Vyas
(3) Devi Dutta Tripathi
(4) Rishi Dutt Mehta

9. Match the following :

| Temple | District |
|---|---|
| i. Kameshwar Mahadev | a. Alwar |
| ii. Shitaleshwar | b. Jodhpur |
| iii. Pipala Mata | c. Jhalawar |
| iv. Nilkantha | d. Pali |

Choose the correct codes :

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | a | c | d | b |
| (2) | d | c | b | a |
| (3) | d | b | c | a |
| (4) | a | b | c | d |

10. Which of the following temples of the Chittorgarh Fort is a Jain temple ?
(1) Kumbh Shyam Temple
(2) Saatveesh Devari
(3) Samiddheswar Temple
(4) Tulja Bhawani Temple

11. Which of the following painters does not belong to Alwar School of Painting ?
(1) Jamnadas (2) Bakasaram
(3) Nanakram (4) Nandram

12. Which among the following is not correctly matched ?

| | Work | Author |
|---|---|---|
| (1) | Bol Bharmali | – Yadvendra Sharma |
| (2) | Pagi | – Chandra Prakash Deval |
| (3) | Kodmade | – Meghraj Mukul |
| (4) | Pagphero | – Mani Madhukar |

13. The singing tradition with which Gavari Devi was associated :
(1) Langa (2) Mand
(3) Talabandi (4) Thumari

14. नारी संत दयाबाई शिष्या थी
(1) संत चरणदास की
(2) संत निम्बार्काचार्य की
(3) संत रैदास की
(4) संत रामचरण की

15. गरासिया जनजाति से संबंधित नृत्य शैली है
(1) गवरी (2) लूर
(3) बम (4) तेरहताली

16. विजयदान देथा के बारे में अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) विजयदान देथा राजस्थान के प्रसिद्ध लेखक थे, जिनकी कहानी चरणदास चोर नामक नाटक के रूप में रूपान्तरित की गयी ।
(B) विजयदान देथा रूपायण संस्थान के सह–संस्थापक थे ।
निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर चुनिए :
(1) केवल (A) सत्य है ।
(2) केवल (B) सत्य है ।
(3) न तो (A) ना ही (B) सत्य है ।
(4) दोनों (A) और (B) सत्य हैं ।

17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए :

| सूची-I (पर्वत शिखर) | सूची-II (स्थिति/देश) |
|---|---|
| A. अल्बरूस | (i) न्यूजीलैण्ड |
| B. किलीमंजारो | (ii) संयुक्त राज्य अमेरिका |
| C. माउन्ट कुक | (iii) तंजानिया |
| D. मैकिन्ले | (iv) रूस |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

18. जैव विविधता मापने के गणितीय सूचकांकों में से कौन सा एक स्थानीय स्तर पर किसी समुदाय/आवासीय क्षेत्र में माध्य प्रजाति विविधता को दर्शाता है ?
(1) अल्फा सूचकांक (2) बीटा सूचकांक
(3) गामा सूचकांक (4) इनमें से कोई नहीं

14. Women saint Daya Bai was a disciple of
(1) Saint Charandas
(2) Saint Nimbarkacharya
(3) Saint Raidas
(4) Saint Ramcharan

15. The dance form related to Garasia Tribe is
(1) Gavari (2) Loor
(3) Bam (4) Terahtali

16. Consider the following statements about Vijaydan Detha :
(A) Vijayadan Detha was a famous writer of Rajasthan, whose story was adapted as Charandas Chor play.
(B) Vijaydan Detha was a co-founder of Rupayan Sansthan.
Choose the correct answer from the code below :
(1) Only (A) is true.
(2) Only (B) is true.
(3) Neither (A) nor (B) is true.
(4) Both (A) & (B) are true.

17. Match List I with List II and select the correct answer using code given below :

| List-I (Mountain Peak) | List-II (Location/Country) |
|---|---|
| A. Elbrus | (i) New Zealand |
| B. Kilimanjaro | (ii) U.S.A. |
| C. Mt. Cook | (iii) Tanzania |
| D. McKinley | (iv) Russia |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

18. Among the mathematical indices for measuring bio-diversity, which one shows the mean species diversity in a habitat at a local scale ?
(1) Alpha index (2) Beta index
(3) Gamma index (4) None of these

19. कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| औद्योगिक प्रदेश | | देश |
|---|---|---|
| (1) रूर | – | जर्मनी |
| (2) दक्षिणी न्यू इंग्लैण्ड | – | यूनाइटेड किंगडम |
| (3) पो घाटी | – | इटली |
| (4) कांटों मैदान | – | जापान |

20. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट के अनुसार सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (नहर) | | सूची-II (जोड़ती हैं) |
|---|---|---|
| A. कील | (i) | भूमध्यसागर व लाल सागर को |
| B. सू | (ii) | एल्ब ज्वारनदमुख (एस्चुयरी) व बाल्टिक सागर को |
| C. पनामा | (iii) | अटलान्टिक महासागर व प्रशान्त महासागर को |
| D. स्वेज | (iv) | सुपीरियर झील व ह्यूरान झील को |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

21. निम्नलिखित में से कौन सी पर्वतीय चोटी पूर्वी घाट में अवस्थित नहीं है ?
(1) गली कौंडा
(2) सलहेर
(3) सिंकराम गट्टा
(4) मादुगुला कौंडा

22. कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| स्थानान्तरण कृषि का नाम | | राज्य |
|---|---|---|
| (1) पोण्डू | – | ओडिशा |
| (2) माशा | – | हिमाचल प्रदेश |
| (3) पोनम | – | केरल |
| (4) झूम | – | असम |

19. Which is not a correct match ?

| Industrial Region | | Country |
|---|---|---|
| (1) Ruhr | – | Germany |
| (2) Southern New England | – | United Kingdom |
| (3) Po Valley | – | Italy |
| (4) Kanto Plains | – | Japan |

20. Match List I with List II and select the correct answer from the codes given below :

| List-I (Canal) | | List-II (Connects) |
|---|---|---|
| A. Kiel | (i) | Mediterranean sea & Red sea |
| B. Soo | (ii) | Elbe estuary & Baltic sea |
| C. Panama | (iii) | Atlantic ocean & Pacific ocean |
| D. Suez | (iv) | Lake superior & lake Huron |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

21. Which of the following mountain peak is not situated in Eastern Ghats ?
(1) Gali Konda
(2) Salher
(3) Sinkram Gutta
(4) Madugula Konda

22. Which is not a correct match ?

| Shifting Agriculture | | State |
|---|---|---|
| (1) Pondu | – | Odisha |
| (2) Masha | – | Himachal Pradesh |
| (3) Poonam | – | Kerala |
| (4) Jhoom | – | Assam |

23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए :

| सूची-I (भारत में संरक्षित क्षेत्र) | सूची-II (संख्या, वर्ष 2018 में) |
|---|---|
| A. सामुदायिक रिजर्व | (i) 103 |
| B. कन्जर्वेशन रिजर्व | (ii) 46 |
| C. राष्ट्रीय पार्क | (iii) 544 |
| D. वन्य जीव अभयारण्य | (iv) 76 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

24. भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड (BEL) इसरो (ISRO) के सहयोग से बनाता है :
(1) कृषि प्रौद्योगिकी
(2) GaAs सौर सेल
(3) परमाणु तकनीकी
(4) सी-डेक

25. सूची-I व सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कोड से उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (जिले) | सूची-II (पर्वत) |
|---|---|
| A. जालौर | (i) बरवाड़ा |
| B. जयपुर | (ii) झारोला |
| C. अलवर | (iii) रघुनाथगढ़ |
| D. सीकर | (iv) भानगढ़ |

कोड :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

26. निम्नलिखित में से कौन सी पहाड़ियाँ राजस्थान में विंध्यन पर्वत श्रेणियों का विस्तार हैं ?
(1) मुकन्दरा पहाड़ियाँ (2) डोरा पर्वत
(3) अलवर पर्वत (4) गिरवा पर्वत

23. Match List I with List II and select the correct answer using code given below :

| List-I (Protected areas of India) | List-II (Number in year 2018) |
|---|---|
| A. Community Reserves | (i) 103 |
| B. Conservation Reserves | (ii) 46 |
| C. National Parks | (iii) 544 |
| D. Wild life Sanctuaries | (iv) 76 |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

24. The Bharat Electronics Ltd. (BEL) is collaborating with ISRO to develop
(1) Agro technology
(2) GaAs solar cells
(3) Nuclear technology
(4) C-DAC

25. Match List I with List II and select the correct answer using code given below :

| List-I (Districts) | List-II (Mountains) |
|---|---|
| A. Jalore | (i) Barwada |
| B. Jaipur | (ii) Jharola |
| C. Alwar | (iii) Raghunathgarh |
| D. Sikar | (iv) Bhangarh |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

26. Which of the given hills is an extension of vindhyan ranges in Rajasthan ?
(1) Mukandara hills
(2) Dora mountain
(3) Alwar hills
(4) Girwa hills

27. निम्न को सुमेलित कीजिए :

| सूची-I (मुख्य सिंचाई परियोजना) | सूची-II (सिंचाई सुविधाओं से लाभान्वित जिले) |
|---|---|
| A. सिद्धमुख परियोजना | (i) जालौर एवं बाड़मेर |
| B. नर्मदा परियोजना | (ii) जालौर, पाली एवं जोधपुर |
| C. जवाई परियोजना | (iii) उदयपुर एवं प्रतापगढ़ |
| D. जाखम परियोजना | (iv) हनुमानगढ़ एवं चूरू |

कोड :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

28. राजस्थान में मई–जून महीनों में उत्पन्न होने वाली धूलभरी आँधियों के लिए उत्तरदायी है :

(अ) कुछ स्थानों पर संवहनीय धाराओं की उत्पत्ति

(ब) अरावली पहाड़ियाँ दक्षिण–पश्चिम हवाओं के समांतर है ।

(स) अति तीव्रगामी पूर्वी हवाओं की उत्पत्ति

(1) (अ) एवं (स)
(2) (अ), (ब) एवं (स)
(3) (अ) एवं (ब)
(4) केवल (अ)

29. निम्न में से कौन से कथन सत्य हैं ?

(अ) संगमरमर विकास एवं संरक्षण नियमावली – 2002

(ब) राजस्थान खनिज नीति – 2015

(स) जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली – 2016

(द) राजस्थान अप्रधान खनिज रिआयत नियमावली (संशोधित मई 2016 तक)

कूट :

(1) केवल (अ), (स) एवं (द)
(2) केवल (अ), (ब) एवं (द)
(3) केवल (अ) एवं (द)
(4) ये सभी

27. Match the following :

| List-I (Major irrigation project) | List-II (Beneficiary districts of irrigation projects) |
|---|---|
| A. Sidhmukh Project | (i) Jalore and Barmer |
| B. Narmada Project | (ii) Jalore, Pali and Jodhpur |
| C. Jawai Project | (iii) Udaipur and Pratapgarh |
| D. Jakham Project | (iv) Hanumangarh and Churu |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

28. The dust storms originating in Rajasthan in May and June months are caused due to

(A) origin of convectional currents at few places

(B) Aravalli hills are parallel to south-western winds

(C) origin of fast speedy easterly winds

(1) (A) and (C)
(2) (A), (B) and (C)
(3) (A) and (B)
(4) Only (A)

29. Which statements are correct from the following ?

(A) Marble development and Conservation Rule – 2002

(B) Rajasthan Mineral Policy – 2015

(C) District Mineral Foundation Trust Rules – 2016

(D) Rajasthan Minor Mineral Concession Rules (Amended upto May 2016)

**Codes :**

(1) Only (A), (C) and (D)
(2) Only (A), (B) and (D)
(3) Only (A) and (D)
(4) All of these

30. निम्नलिखित में से कौन से खनिजों का राजस्थान लगभग अकेला उत्पादक राज्य है ?
(अ) सीसा एवं जस्ता अयस्क
(ब) ताम्र अयस्क
(स) वोलेस्टोनाइट
(द) सेलेनाइट
**कूट :**
(1) (अ) एवं (स)
(2) (अ), (ब) एवं (द)
(3) (अ), (ब) एवं (स)
(4) (अ), (स) एवं (द)

31. वर्ष 2017-18 (दिसम्बर 2017 तक) में राजस्थान के कौन से क्षेत्र से सर्वाधिक कच्चे तेल (Crude oil) का उत्पादन प्राप्त हुआ है ?
(1) बीकानेर–नागौर बेसिन
(2) जैसलमेर बेसिन
(3) बाड़मेर–सांचोर बेसिन
(4) इनमें से कोई नहीं

32. जनगणना 2011 के अनुसार क्रमशः भारत एवं राजस्थान की नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत क्या है ?
(1) 24.87% एवं 31.15%
(2) 34.15% एवं 24.87%
(3) 21.87% एवं 34.15%
(4) 31.15% एवं 24.87%

33. निम्नलिखित में से राजस्थान में कौन–कौन से महत्त्वपूर्ण खनिज आधारित उद्योग हैं ?
(अ) जस्ता गलन उद्योग (ब) सीमेन्ट उद्योग
(स) इलेक्ट्रॉनिक उद्योग (द) संगमरमर उद्योग
**कूट :**
(1) (अ) एवं (ब)
(2) (अ), (स) एवं (द)
(3) (अ), (ब) एवं (द)
(4) (अ), (ब), (स) एवं (द)

34. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत उनकी कुल जनसंख्या में न्यूनतम है ?
(1) सीकर और धौलपुर
(2) झुन्झुनु और चूरू
(3) बीकानेर और नागौर
(4) गंगानगर और हनुमानगढ़

35. पचपदरा, बाड़मेर में प्रस्तावित ऑयल रिफाइनरी किसका संयुक्त उपक्रम (Joint Venture) है ?
(1) ONGCL एवं भारत सरकार
(2) OIL एवं राजस्थान सरकार
(3) HPCL एवं भारत सरकार
(4) HPCL एवं राजस्थान सरकार

30. Rajasthan is almost a sole producer of which of the following minerals ?
(A) Lead and zinc ores
(B) Copper ores
(C) Wollastonite
(D) Salenite
**Codes :**
(1) (A) and (C)
(2) (A), (B) and (D)
(3) (A), (B) and (C)
(4) (A), (C) and (D)

31. From which area of Rajasthan the maximum crude oil production was received in the year 2017-18 (upto Dec. 2017) ?
(1) Bikaner-Nagaur basin
(2) Jaisalmer basin
(3) Barmer-Sanchore basin
(4) None of these

32. What is the percentage of urban population in India and Rajasthan respectively as per census 2011 ?
(1) 24.87% and 31.15%
(2) 34.15% and 24.87%
(3) 21.87% and 34.15%
(4) 31.15% and 24.87%

33. Which among the following are important mineral based industries in Rajasthan ?
(A) Zinc smelting industry
(B) Cement industry
(C) Electronic industry
(D) Marble industry
**Codes :**
(1) (A) and (B)
(2) (A), (C) and (D)
(3) (A), (B) and (D)
(4) (A), (B), (C) and (D)

34. As per 2011 census, which districts of Rajasthan are having lowest percentage of Scheduled Tribe population in their total population ?
(1) Sikar and Dholpur
(2) Jhunjhunu and Churu
(3) Bikaner and Nagaur
(4) Ganganagar and Hanumangarh

35. Proposed oil refinery at Pachpadra, Barmer is a joint venture of
(1) ONGCL and Government of India
(2) OIL and Government of Rajasthan
(3) HPCL and Government of India
(4) HPCL and Government of Rajasthan

36. कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| जिला | | शुभंकर |
|---|---|---|
| (1) भीलवाड़ा | – | मोर |
| (2) चूरू | – | कृष्ण मृग |
| (3) सवाई माधोपुर | – | शेर |
| (4) जैसलमेर | – | गोडावण |

37. केन्द्रीय विधानसभा का/के निम्नांकित में से कौन सा/से निर्वाचन भारत शासन अधिनियम, 1919 के तहत हुआ/हुए ?

(A) 1926 (B) 1937 (C) 1945

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (A)
(2) (B) और (C)
(3) (A) और (C)
(4) (A), (B) और (C)

38. 'गांधियन कॉन्स्टीट्यूशन फॉर फ्री इण्डिया' किसने लिखी ?

(1) अरुणा आसफ अली
(2) अच्युत पटवर्धन
(3) श्रीमन नारायण अग्रवाल
(4) हुमायूँ कबीर

39. भारतीय संविधान सभा के सम्बन्ध में निम्नांकित में से कौन से कथन सही हैं ?

(A) यह वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी ।
(B) यह प्रत्यक्ष निर्वाचन का परिणाम थी ।
(C) यह बहुदलीय संरचना नहीं थी ।
(D) यह कई समितियों के माध्यम से कार्यरत थी ।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

**कूट :**

(1) (A) और (D)
(2) (A) और (B)
(3) (B) और (C)
(4) (A), (B), (C) और (D)

40. "भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की आयु ऐसे प्राधिकारी द्वारा और ऐसी रीति से अवधारित की जाएगी, जिसका संसद विधि द्वारा उपबन्ध करें": अन्त:स्थापित किया गया

(1) 15वें संविधान संशोधन द्वारा
(2) 16वें संविधान संशोधन द्वारा
(3) 17वें संविधान संशोधन द्वारा
(4) 18वें संविधान संशोधन द्वारा

36. Which is not a correct match ?

| District | | Mascot |
|---|---|---|
| (1) Bhilwara | – | Peacock |
| (2) Churu | – | Black Buck |
| (3) Sawai Madhopur | – | Lion |
| (4) Jaisalmer | – | Great Indian Bustard |

37. Which of the following election/s of the Central Legislative Assembly was/were held under the Government of India Act, 1919 ?

(A) 1926 (B) 1937 (C) 1945

Select the correct answer using code given below :

**Codes :**

(1) (A) only (2) (B) and (C)
(3) (A) and (C) (4) (A), (B) and (C)

38. Who has authored 'Gandhian Constitution for Free India' ?

(1) Aruna Asaf Ali
(2) Achyut Patwardhan
(3) Shriman Narayan Agarwal
(4) Humayun Kabir

39. Which of the following statements are correct in regarding to Indian Constituent Assembly ?

(A) It was not based on Adult franchise.
(B) It resulted from direct elections.
(C) It was not a multi-party body.
(D) It worked through several committees.

Select the correct answer using code given below :

**Codes :**

(1) (A) and (D)
(2) (A) and (B)
(3) (B) and (C)
(4) (A), (B), (C) and (D)

40. "The age of a Judge of the Supreme Court of India shall be determined by such authority and in such manner as Parliament may by laws provide", inserted by

(1) $15^{th}$ Constitution Amendment
(2) $16^{th}$ Constitution Amendment
(3) $17^{th}$ Constitution Amendment
(4) $18^{th}$ Constitution Amendment

41. मूल अधिकारों से सम्बन्धित निम्नांकित निर्णयों का सही कालानुक्रम चुनिए :

(A) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

(B) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

(C) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ

(D) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (D), (B), (C), (A)

(2) (A), (B), (C), (D)

(3) (D), (A), (B), (C)

(4) (D), (C), (B), (A)

42. निम्नांकित में कौन स्वर्णसिंह समिति (1976) के सदस्य रहे हैं ?

(A) ए.आर. अन्तुले (B) एस.एस. रे

(C) हरिदेव जोशी (D) सी.एम. स्टीफन

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

**कूट :**

(1) (A), (B), (C) और (D)

(2) (A), (B) और (C)

(3) (A), (B) और (D)

(4) (B), (C) और (D)

43. भारत के संविधान के अनुच्छेद 240 के अन्तर्गत कुछ संघ राज्य क्षेत्रों के लिए विनियम बनाने की राष्ट्रपति की शक्ति के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(1) 240 (1) (क) – अंडमान और निकोबार द्वीप

(2) 240 (1) (ख) – लक्षद्वीप

(3) 240 (1) (ग) – पुडुचेरी

(4) 240 (1) (घ) – दमण और दीव

44. निम्नांकित में से कौन सी तारीख को भारत के राष्ट्रपति ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उद्घोषणा द्वारा यह घोषणा की कि गंभीर आपात् विद्यमान है, जिसके कारण आन्तरिक अशांति से भारत की सुरक्षा को गंभीर खतरा है ?

(1) 26 अक्टूबर, 1962

(2) 3 दिसम्बर, 1971

(3) 25 जून, 1975

(4) 26 जून, 1975

41. Select the correct chronological order of the following judgements dealing with Fundamental Rights :

(A) Golaknath v/s State of Punjab

(B) Keshwanand Bharti v/s State of Kerala

(C) Minerva Mills v/s Union of India

(D) A. K. Gopalan v/s State of Madras

Select the correct answer :

(1) (D), (B), (C), (A)

(2) (A), (B), (C), (D)

(3) (D), (A), (B), (C)

(4) (D), (C), (B), (A)

42. Which of the following were members of the Swaran Singh Committee (1976) ?

(A) A. R. Antulay (B) S. S. Ray

(C) Haridev Joshi (D) C. M. Stephen

Select the correct answer using code given below :

**Codes :**

(1) (A), (B), (C) and (D)

(2) (A), (B) and (C)

(3) (A), (B) and (D)

(4) (B), (C) and (D)

43. Which one of the following pairs is not correctly matched in terms of the power of the President of India to make regulation for certain Union Territories under Article 240 of the Indian Constitution ?

(1) 240(1) (a) – Andaman and Nicobar Islands

(2) 240(1) (b) – Lakshadweep

(3) 240(1) (c) – Puducherry

(4) 240(1) (d) – Daman and Diu

44. On which of the following dates the President of India, using his powers, declared by proclamation that a grave emergency existed where the security of India was threatened by internal disturbance ?

(1) 26 October, 1962

(2) 3 December, 1971

(3) 25 June, 1975

(4) 26 June, 1975

45. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 87 के अन्तर्गत भारत का राष्ट्रपति अभिभाषण देता है

(1) संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में

(2) संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में

(3) संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में

(4) एक साथ समवेत संसद के दोनों सदनों में

46. लोकसभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम के अन्तर्गत नियम 377 के अधीन लोकसभा के सदस्यों द्वारा एक दिन में अधिकतम कितने मामले उठाए जा सकते हैं ?

(1) 19 (2) 20
(3) 21 (4) 22

47. निम्नांकित में से कौन सी भारतीय संसद की वित्तीय समितियाँ हैं ?

(A) प्राक्कलन समिति
(B) लोक लेखा समिति
(C) लोक उपक्रम समिति
(D) संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्तों संबंधी संयुक्त समिति

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

**कूट :**

(1) (A), (C) और (D) (2) (A), (B) और (D)
(3) (A), (B) और (C) (4) (B), (C) और (D)

48. भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक को उसके पद से हटाए जाने की प्रक्रिया निम्नांकित में से किसके समान है ?

(1) लोकसभा अध्यक्ष
(2) भारत का महान्यायवादी
(3) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश
(4) संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष

49. केन्द्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना किसकी अनुशंसा पर की गई ?

(1) गोरवाला प्रतिवेदन
(2) कृपलानी समिति
(3) सन्थानम समिति
(4) भारतीय प्रशासनिक सुधार आयोग

50. जनहित याचिका की अवधारणा की शुरुआत किस देश में हुई है ?

(1) कनाडा
(2) संयुक्त राज्य अमेरिका
(3) यूनाइटेड किंगडम
(4) ऑस्ट्रेलिया

45. The President of India addresses the Parliament under Article 87 of the Indian Constitution

(1) in a joint sitting of both Houses of Parliament.
(2) in a joint meeting of both Houses of Parliament.
(3) in a joint session of both Houses of Parliament.
(4) both Houses of Parliament assembled together.

46. Under Rule 377 of Rules and Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, the maximum number of matters that can be raised by Lok Sabha members in one day are

(1) 19 (2) 20
(3) 21 (4) 22

47. Which of the following are Financial Committees of Indian Parliament ?

(A) Estimates Committee
(B) Public Accounts Committee
(C) Committee on Public Undertakings
(D) Joint Committee on Salaries and Allowance for Members of Parliament

Select the correct answer using code given below :

**Codes :**

(1) (A), (C) and (D) (2) (A), (B) and (D)
(3) (A), (B) and (C) (4) (B), (C) and (D)

48. The Comptroller and Auditor-General of India can be removed from his office in like manner as

(1) Speaker of Lok Sabha
(2) Attorney General of India
(3) Judge of the Supreme Court
(4) Chairman of Union Public Service Commission

49. Central Vigilance Commission was set up on the recommendation of

(1) Gorwala Report
(2) Kriplani Committee
(3) Santhanam Committee
(4) Administrative Reforms Commission of India

50. In which country the concept of Public Interest Litigation was originated ?

(1) Canada
(2) United States of America
(3) United Kingdom
(4) Australia

51. निम्नांकित में से कौन सी शब्दावली सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की उद्देशिका में उल्लिखित है ?
(A) सूचना की पारदर्शिता
(B) सूचना का प्रकटन
(C) संसूचित नागरिकता
(D) लोकतांत्रिक आदर्श की प्रभुता
सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :
**कूट :**
(1) केवल (A)
(2) (A) और (B)
(3) (A), (B) और (C)
(4) (A), (B), (C) और (D)

52. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (लेखक) | सूची-II (पुस्तकें) |
|---|---|
| (A) अतुल कोहली | (i) डिवाइड एण्ड क्विट |
| (B) ग्रेनविल ऑस्टिन | (ii) दी सक्सेस ऑफ इण्डियाज़ डेमोक्रेसी |
| (C) पेन्डेरल मून | (iii) दी रिपब्लिक ऑफ इण्डिया : डेवलपमेंट ऑफ इट्स लॉज एंड कॉन्स्टीट्यूशन |
| (D) एलन ग्लेडहिल | (iv) वर्किंग ए डेमोक्रेटिक कॉन्स्टीट्यूशन : ए हिस्ट्री ऑफ दी इण्डियन एक्सपीरियंस |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

53. भारत के संविधान के अनुच्छेद 368(2) के उपबन्धों के तहत यदि कोई विधेयक भारत की संसद द्वारा पारित होने के पश्चात राजस्थान विधानसभा के पास संकल्प द्वारा अनुसमर्थन के लिये आता है, तो
(A) विधानसभा संकल्प पारित कर सकती है ।
(B) विधानसभा संकल्प अस्वीकार कर सकती है ।
(C) ऐसे संकल्प में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है ।
सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :
**कूट :**
(1) केवल (A) (2) (B) और (C)
(3) (A) और (C) (4) (A), (B) और (C)

51. Which of the following terminology is/are mentioned in the Preamble of the Right to Information Act, 2005 ?
(A) Transparency of Information
(B) Revelation of Information
(C) Informed Citizenry
(D) Paramountcy of the democratic ideal
Select the correct answer using code given below :
**Codes :**
(1) (A) only
(2) (A) and (B)
(3) (A), (B) and (C)
(4) (A), (B), (C) and (D)

52. Match List – I with List – II and select the correct answer from code given below :

| List – I (Authors) | List – II (Books) |
|---|---|
| (A) Atul Kohli | (i) Divide and Quit |
| (B) Granville Austin | (ii) The Success of India's Democracy |
| (C) Penderal Moon | (iii) The Republic of India : Development of its Laws and Constitution |
| (D) Alan Gledhill | (iv) Working a Democratic Constitution : A History of the Indian Experience |

**Codes :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

53. Under the Provisions of the Article 368(2) of the Constitution of India, if a bill comes to Rajasthan Legislative Assembly after passing by Parliament of India for resolution to rectify, then
(A) Resolution can be passed by Assembly.
(B) Resolution can be rejected by Assembly.
(C) No Amendment shall be proposed to such a resolution.
Select the correct answer using code given below :
**Codes :**
(1) (A) only (2) (B) and (C)
(3) (A) and (C) (4) (A), (B) and (C)

54. निम्नांकित में से कौन सा अधिनियम/नियम राजस्थान में ग्राम सभा की संयुक्त बैठकों का प्रावधान करता है ?

(1) राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994

(2) राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996

(3) राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनूसूचित क्षेत्रों में लागू होने के सम्बन्ध में उपान्तरण) अधिनियम, 1999

(4) राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में लागू होने के सम्बन्ध में उपान्तरण) नियम, 2011

55. निम्नांकित में से कौन से मुख्यमंत्री राजस्थान विधानसभा में नेता–प्रतिपक्ष के पद पर नहीं रहे हैं ?

(A) हरिदेव जोशी

(B) शिवचरण माथुर

(C) अशोक गेहलोत

(D) वसुंधरा राजे

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

**कूट :**

(1) (A), (B) और (C)

(2) (B) और (C)

(3) (C) और (D)

(4) (A) और (D)

56. निम्न में से किन पदाधिकारी/पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त, राजस्थान द्वारा जाँच नहीं की जा सकती है ?

(1) पंचायत समितियों के प्रधान एवं उप–प्रधान

(2) पंचायत समितियों की स्थायी समितियों के अध्यक्ष

(3) सरपंच एवं पंच

(4) जिला परिषद का उप–प्रमुख

54. Which of the following Act/Rule of Rajasthan has a provision of a joint meeting of Gram Sabha ?

(1) Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994

(2) Rajasthan Panchayati Raj Rules, 1996

(3) Rajasthan Panchayati Raj (Modification of provisions in their application to the Scheduled Area) Act, 1999

(4) Rajasthan Panchayati Raj (Modification of provisions in their application to the Scheduled Areas) Rules, 2011

55. Which of the following Chief Ministers have not held the post of the leader of the Opposition in Rajasthan Legislative Assembly ?

(A) Haridev Joshi

(B) Shivcharan Mathur

(C) Ashok Gehlot

(D) Vasundhara Raje

Select the correct answer using code given below :

**Codes :**

(1) (A), (B) and (C)

(2) (B) and (C)

(3) (C) and (D)

(4) (A) and (D)

56. After receiving complaint against following office bearer/s Lokayukta, Rajasthan cannot make investigation against

(1) Pradhan and Up-pradhan of Panchayat Samities

(2) Chairman of the Sthyayi Samiti of Panchayat Samities

(3) Sarpanch and Panch

(4) Up-pramukh of Zila Parishad

57. निम्नांकित में से कौन से कथन राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के सम्बन्ध में सही हैं ?
(A) इसका गठन राजस्थान सरकार की 18 जनवरी, 1999 की एक अधिसूचना द्वारा हुआ ।
(B) यह आयोग मार्च, 2000 से क्रियाशील हुआ ।
(C) मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 के अनुसार आयोग में एक अध्यक्ष एवं 3 सदस्यों का प्रावधान किया गया है ।
(D) इसके भूतपूर्व अध्यक्षों में से एक उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रहे हैं ।
सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :
**कूट :**
(1) (A), (B) और (C) (2) (A), (B) और (D)
(3) (B), (C) और (D) (4) (B) और (C)

58. उच्चतम न्यायालय के निम्नांकित न्यायाधीशों में से कौन राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नहीं रहे हैं ?
(1) न्यायमूर्ति एन.एम. कासलीवाल
(2) न्यायमूर्ति बी.एस. चौहान
(3) न्यायमूर्ति ए.के. माथुर
(4) न्यायमूर्ति आर.सी. लाहोटी

59. निम्न में से कौन राजस्थान विधानसभा के प्रोटेम अध्यक्ष, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रहे हैं ?
(1) पूनम चंद विश्नोई
(2) निरंजन नाथ आचार्य
(3) शांतिलाल चपलोत
(4) परसराम मदेरणा

60. राजस्थान विधानसभा में 'लोक महत्त्व के किसी विषय़ पर स्थगन प्रस्ताव' की प्रक्रिया के नियम के सम्बन्ध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं ?
(A) प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु अध्यक्ष की सहमति आवश्यक है ।
(B) प्रस्ताव द्वारा विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया जा सकता है ।
(C) प्रस्ताव हाल ही घटित किसी विशिष्ट घटना तक सीमित रहेगा ।
(D) एक ही बैठक में एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं होंगे ।
सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :
**कूट :**
(1) (A), (B) और (C) (2) (A), (B) और (D)
(3) (A), (C) और (D) (4) (A) और (D)

57. Which of the following statements are correct in context to Rajasthan State Human Rights Commission ?
(A) It was constituted on 18, January, 1999 by notification issued by Government of Rajasthan.
(B) The Commission became functional from March, 2000.
(C) Rajasthan Human Rights Commission is having one chairperson and 3 members in accordance with the provision of the Protection of Human Rights (Amendment) Act, 2006.
(D) One of its former Chairman's has retired judge of Supreme Court of India.
Select the correct answer using code given below :
**Codes :**
(1) (A), (B) & (C) (2) (A), (B) & (D)
(3) (B), (C) & (D) (4) (B) & (C)

58. Which one of the following judges of Supreme Court of India has not worked in Rajasthan High Court as judge ?
(1) Justice N. M. Kasliwal
(2) Justice B. S. Chouhan
(3) Justice A. K. Mathur
(4) Justice R. C. Lahoti

59. Who among the following has held the post of Protem Speaker, Speaker and Deputy Speaker of Rajasthan Legislative Assembly ?
(1) Poonam Chand Vishnoi
(2) Niranjan Nath Aacharya
(3) Shantilal Chaplot
(4) Paras Ram Maderna

60. Which of the following statements are correct in reference to rule of procedure for 'Motion For Adjournment on a matter of Public importance' in Rajasthan Legislative Assembly ?
(A) Speaker's consent necessary to make motion.
(B) The motion shall raise a question of privilege.
(C) The motion shall be restricted to a specific matter of recent occurrence.
(D) Not more than one such motion shall be made at the same sitting.
Select the correct answer using code given below :
**Codes :**
(1) (A), (B) & (C) (2) (A), (B) & (D)
(3) (A), (C) & (D) (4) (A) & (D)

61. किसी विधेयक पर संवैधानिक उपबन्ध के तहत राज्यपाल की सिफारिश अपेक्षित थी, किन्तु बिना राज्यपाल की सिफारिश उसे राजस्थान विधानसभा में पुरःस्थापित किया गया और उसने पारित करके राज्यपाल को भेज दिया; अब
(1) जहाँ राज्यपाल अनुमति देता है तो वह अधिनियम अविधिमान्य नहीं होगा ।
(2) राज्यपाल संवैधानिक प्रावधानों के अतिक्रमण के आधार पर अनुमति देने से इंकार कर सकता है ।
(3) राज्यपाल ऐसे विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति के लिये भेज देगा ।
(4) यदि राज्यपाल या राष्ट्रपति अनुमति दे तो न्यायालय संवैधानिक उपबन्धों के आधार पर उसे असंवैधानिक घोषित कर देगा ।

62. किसे जी.एस.टी. (वस्तु एवं सेवा कर) के दायरे के अन्दर रखा गया है ?
(1) मानवीय उपभोग के लिए शराब
(2) विद्युत
(3) पेट्रोलियम उत्पाद
(4) घी

63. निम्न में से किसने भारत में वर्ष 2016 से 2021 के लिए +/−2 प्रतिशत के सहनीय स्तर के साथ चार प्रतिशत का मुद्रा-स्फीति का लक्ष्य निश्चित किया है ?
(1) भारतीय रिज़र्व बैंक
(2) भारत सरकार
(3) नीति आयोग
(4) चौदहवाँ वित्त आयोग

64. वर्ष 2016-17 के दौरान भारत में विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग के इक्विटी अन्तर्प्रवाह में योगदान के सन्दर्भ में निम्न में कौन सा देश शीर्ष पर रहा ?
(1) मॉरीशस (2) सिंगापुर
(3) जापान (4) यू.एस.ए.

65. कम्पनियाँ प्रौद्योगिकी की मदद से कारोबारी प्रक्रिया की पुनर्रचना क्यों करती हैं ?
(1) उपभोक्ताओं की माँग एवं अपेक्षाएँ निरन्तर बढ़ रही हैं ।
(2) कम लागत पर उत्पादों और सेवाओं में प्रतिस्पर्धी बढ़त प्राप्त करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जा रहा है ।
(3) अर्थव्यवस्थाओं के विश्वव्यापी उदारीकरण के साथ परिवर्तन की दर तीव्र हो गयी है ।
(4) ये सभी

61. Under the Constitutional provision on a Bill, recommendation of the Governor was required, but without recommendation of Governor it was introduced in Rajasthan Legislative Assembly and passed by it and sent to the Governor, now
(1) where assent to that Act was given by Governor shall not be invalid.
(2) The Governor can refuse to assent on the ground of the violation of Constitutional provisions.
(3) The Governor will send such a Bill to the assent of the President.
(4) The Governor or the President assents it, then the court will declare it unconstitutional on the ground of Constitutional provisions.

62. What has been kept under the purview of Goods and Services Tax (GST) ?
(1) Alcohol for human consumption
(2) Electricity
(3) Petroleum Products
(4) Ghee

63. Which of the following fixed the four percent inflation target in India with tolerance level of +/− 2 percent for the period 2016 to 2021 ?
(1) Reserve Bank of India
(2) Government of India
(3) NITI Aayog
(4) Fourteenth Finance Commission

64. In terms of the share in Foreign Direct Investment Equity inflows, in India during 2016-17, which of the following countries is on the top ?
(1) Mauritius (2) Singapore
(3) Japan (4) U.S.A.

65. Why companies go for business process re-engineering with the help of technology ?
(1) Customers' demand and expectations are continuously increasing.
(2) IT being leveraged to provide competitive edge in products and services at lower costs.
(3) The pace of change has accelerated with the liberalisation of economies world over.
(4) All of these

66. भारत में संगठित मुद्रा बाजार का अत्यधिक अस्थिर भाग है –
(1) सरकारी प्रतिभूति बाजार
(2) व्यापारिक बिल बाजार
(3) याचना मुद्रा बाजार
(4) जमा प्रमाणपत्र बाजार

67. निम्न में से कौन सा केन्द्रीय बजट के राजस्व खाते में सम्मिलित नहीं किया जाता है ?
(1) ब्याज प्राप्तियाँ
(2) कर प्राप्तियाँ
(3) सरकारी विभागों व सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त लाभ तथा लाभांश
(4) अल्प बचतें

68. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में किस पर जोर दिया गया था ?
(1) सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक संवृद्धि
(2) आर्थिक संवृद्धि एवं मानवीय विकास
(3) अधिक तीव्र एवं ज्यादा समावेशीय संवृद्धि
(4) तीव्रतर, धारणीय तथा और अधिक समावेशीय संवृद्धि

69. **अभिकथन (A) :** समग्र पूर्ति वक्र में विवर्तन के कारण लागत प्रेरित स्फीति होती है ।
**कारण (R) :** मज़दूरी में वृद्धि के कारण समग्र पूर्ति वक्र में विवर्तन होता है ।
(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।
(3) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

70. राजस्थान के सामान्य थोक मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष है
(1) 1999–2000 (2) 2005–2006
(3) 2010–2011 (4) 2011–2012

71. वर्ष 2017-18 में राजस्थान में स्थिर कीमतों (2011-12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर थी
(1) 7.16% (2) 4.5%
(3) 6.23% (4) 10.67%

66. The most volatile part of the Organised Money Market in India is
(1) Government Security Market
(2) Commercial Bill Market
(3) Call Money Market
(4) Certificate of Deposit Market

67. Which one of the following is not included in the revenue account of Union Budget ?
(1) Interest Receipts
(2) Tax Receipts
(3) Profits and Dividends of Government Departments and Public Undertakings
(4) Small Savings

68. Eleventh Five Year Plan emphasised on
(1) Economic Growth with Social Justice
(2) Economic Growth and Human Development
(3) Faster and more inclusive growth
(4) Faster, sustainable and more inclusive growth

69. **Assertion (A) :** Cost push inflation is caused by shift in aggregate supply curve.
**Reason (R) :** Shift in aggregate supply curve takes place because of increase in wages.
(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

70. Which is the base year of Rajasthan's general wholesale Price Index ?
(1) 1999 – 2000 (2) 2005 – 2006
(3) 2010 – 2011 (4) 2011 – 2012

71. Growth rate of GSDP (Gross State Domestic Product) at constant prices (2011-12) for the year 2017-18 in Rajasthan was
(1) 7.16% (2) 4.5%
(3) 6.23% (4) 10.67%

72. हाल ही के वर्षों में राजस्थान के बजट की राजस्व प्राप्तियों में निम्न में से कौन सा मद सर्वाधिक राजस्व प्रदान कर रहा है ?
(1) केन्द्रीय करों में हिस्सा
(2) राज्य का कर राजस्व
(3) गैर-कर राजस्व
(4) केन्द्रीय अनुदान

73. निम्न में से किस ताप विद्युत परियोजना की प्रतिस्थापित विद्युत क्षमता सर्वाधिक है ?
(1) सूरतगढ़ (2) छबड़ा
(3) कालीसिंध (4) कोटा

74. राजस्थान सरकार ने राज्य में प्रथम कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है । यह कहाँ स्थापित किया गया है ?
(1) अजमेर (2) सीकर
(3) कोटा (4) जयपुर

75. राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में निम्न में से कौन सा अनुपम बिक्री प्रस्ताव (USP) नहीं है ?
(1) पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन (शाही रेल)
(2) किले, महल एवं हवेलियाँ
